卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 123 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦रविवार ♦8 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# अंकिता हत्याकांड को लेकर देहरादून में महापंचायत

## वीआईपी का नाम सार्वजनिक कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर परेड ग्राण्ड में जुटी भारी भीड़

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर लंबे समय से वीआईपी का नाम सार्वजनिक करने और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे विभिन्न संगठनों ने आज राजधानी देहरादून में महापंचायत का आयोजन किया। अंकिता भंडारी हत्याकांड न्याय यात्रा के तहत परेड मैदान में आयोजित इस महापंचायत में संयुक्त संघर्ष मंच के सदस्य सहित कई सामाजिक और जन संगठनों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में जुटे। महापंचायत में मौजूद लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और कहा कि जब तक पूरे मामले की पारदर्शी जांच कर दोषियों, विशेषकर कथित वीआईपी, के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। वक्ताओं ने मंच से कहा कि अंकिता को न्याय दिलाना केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सवाल बन चुका है। महापंचायत में अंकिता भंडारी के माता-पिता की मौजूदगी से माहौल भावुक हो गया। उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें अब भी पूरे सच के सामने आने का इंतजार है। परिजनों ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच हो और किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति को कानून से ऊपर न रखा जाए। संयुक्त संघर्ष मंच की संरक्षक कमला पंत ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में अब तक कई सवालों के जवाब सामने नहीं आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में कथित वीआईपी एंगल को लेकर स्थिति साफ नहीं की गई है। उनका कहना है कि जब तक वीआईपी(शेष पृष्ठ सात पर)





# किराया वृद्धि के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

किच्छा। रेलवे विभाग द्वारा किराये में की गई बढ़ोतरी के विरोध में फड़-खोखा व्यापारियों ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित व्यापारियों ने मुख्य बाजार




से रेलवे स्टेशन तक जुलूस निकालते हुए रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और स्टेशन मास्टर के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक को (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम धामी ने सुनी जनसमस्याएं,निराकरण के आदेश

## भगचुरी पहुंच शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर दी सांत्वना

खटीमा। मुख्यमंत्रीपुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन रविवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड व





हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों से जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता दिखाने तथा जमीनी स्तर पर जाकर कार्यों की निगरानी करने को भी कहा।इसके उपरांत मुख्यमंत्री ग्राम भगचुरी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वर्गीय मलकीत(शेष पृष्ठ सात पर)

# देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ायेगा प्रस्तुत बजट-भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोक सभा में प्रस्तुत किया गया बजट न सिर्फ देश के हर वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित होगा वहीं बजट से प्रोत्साहित होकर देश हर क्षेत्र में विकास की ओर तेजी से अग्रसर होगा। यहां भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासपरक सोच को साकार करते हुए प्रस्तुत बजट देश को



विकास की बुलंदियों तक पहुंचायेगा। उन्होंने कहा कि बजट में देश के किसानों, युवाओं, बेरोजगारों, उद्यमियों, महिलाओं, गरीब मजदूरों सहित समाज के सभी वर्गों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विश्व में अग्रणीय बनाने का जो संकल्प लिया है देश लगातार उस दिशा की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज देश मोबाईल निर्माण में विश्व में अग्रणीय बन चुका है तो वहीं चावल उत्पादन व मैट्रो सेवा संचालन में भी काफी आगे निकल चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोत्साहन से देश में मोबाईल निर्माण सहित इलैक्ट्रिक सामान, कृषि फल,(शेष पृष्ठ सात पर)

# हनी ट्रैप और रंगदारी मामले में आठ और नाम शामिल

गदरपुर। गदरपुर में सामने आए हनी ट्रैप और रंगदारी मामले में पुलिस की विवेचना लगातार आगे बढ़ रही है। ताजा जांच में पुलिस ने आठ और लोगों के नाम शामिल किए हैं। इनमें से तीन आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस का कहना है कि अब तक जुटाए गए साक्ष्यों, कॉल डिटेल और बयान के आधार पर अन्य आरोपियों की भूमिका भी स्पष्ट हुई है। विवेचना पूरी होने के बाद सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है। बताते चले कि बीती 26 जनवरी को ग्राम मडियान शादी, जिला रामपुर निवासी दाऊद ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया था कि महिला गैंगस्टर जौहर उर्फ महक ने फेसबुक आईडी के माध्यम(शेष पृष्ठ सात पर)

# मेयर के प्रयासों से रुद्रपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी पहल

## 8 मोहल्ला क्लीनिकों की शुरुआत, 14 फरवरी को मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

रुद्रपुर। नगर निगम रुद्रपुर अब शहरी व्यवस्थाओं की पारंपरिक जिम्मेदारियों से आगे बढ़ते हुए आम नागरिकों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। मेयर विकास शर्मा के विशेष प्रयासों से नगर निगम क्षेत्र के आठ प्रमुख स्थानों पर मोहल्ला क्लीनिकों की स्थापना की गई है, जिनका औपचारिक शुभारंभ आगामी 14 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअल माध्यम से करेंगे। अब तक नगर निगम का दायरा मुख्य रूप से साफ-सफाई, नालियों की व्यवस्था और नाली सड़क निर्माण तक सीमित रहा है, लेकिन पहली बार निगम स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर इतनी व्यापक पहल की जा रही है। इस योजना के तहत नगर की घनी आबादी वाली बस्तियों और कॉलोनियों में लोगों को उनके घरों के पास ही मुफ्त इलाज और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मेयर विकास शर्मा ने बताया कि ट्रांजिट कैंप, फुलसुंगी, रमपुरा, भदईपुरा, खेड़ा, जगतपुरा, सिंह कॉलोनी और भूरारानी जैसे अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए मोहल्ला क्लीनिक शुरू किए जा रहे हैं। इन सभी स्थानों पर भवन की व्यवस्था करते हुए आवश्यक चिकित्सा उपकरण भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से योजना को लेकर पूर्व में स्वीकृति प्राप्त की गई थी, जिसके बाद बजट आवंटन, भवन और स्टाफ तैनाती की प्रक्रिया पूरी की गई। फिलहाल इन क्लीनिकों में अनौपचारिक रूप से सेवाएं शुरू कर दी गई हैं,जबकि 14 फरवरी को इनका विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। मोहल्ला क्लीनिकों में मरीजों को सामान्य बीमारियों की जांच, परामर्श और उपचार पूरी तरह नि:शुल्क मिलेगा। साथ ही जरूरी दवाइयां भी मुफ्त दी जाएंगी, जिनमें मधुमेह (शुगर) और उच्च रक्तचाप (बीपी) से संबंधित दवाइयां भी शामिल रहेंगी। मेयर ने कहा कि इन क्लीनिकों के शुरू होने से लोगों को छोटे-मोटे इलाज के लिए दूर स्थित सरकारी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे समय और धन दोनों की(शेष पृष्ठ सात पर)



नगर निगम रुद्रपुर अब केवल साफ-सफाई, सड़क और पेयजल जैसी सुविधाओं तक सीमित नहीं रहेगा। आम नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। मोहल्ला क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को उनके घर के पास नि:शुल्क इलाज और दवाइयां मिलेंगी। आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों में भी इसका विस्तार करेंगे। यह पहल नगर की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**-विकास शर्मा, मेयर, रुद्रपुर**

# सैन्य अकादमी के पीछे डेमोग्राफी चेंज का मामला चर्चा में छाया

## ❑महमूद मदनी के ट्रस्ट की भूमि पर मुस्लिम बस्ती बसाने की तैयारी
## ❑आईएमए की आपत्ति के बाद नहीं खुला था इस्लामिक शिक्षण संस्थान
## ❑कांग्रेस सरकार ने कैसे दे दी थी मुस्लिम शिक्षण संस्थान की अनुमति

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी यानि आईएमए की सुरक्षा को ताक में रख कर इस्लामिक संस्था द्वारा कृषि भूमि को बिना लैंड यूज कराए बेच दिए जाने का मामला देहरादून में सामने आने से चर्चा में है। खास बात ये है कि उक्त प्रकरण शेखुल हिंद एजुकेशन चेरिटेबल ट्रस्ट से जुड़ा है। इस ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ महमूद असद मदनी है। जिनका संबंध दारुल उलूम और जमीयत उलेमा ए हिंद से है। जानकारी के मुताबिक नारायण दत्त तिवारी की कांग्रेस सरकार ने उक्त ट्रस्ट जिसका पता 1 बहादुर शाह जफर मार्ग दिल्ली बताया गया है ,उक्त ट्रस्ट को भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून के पास इस्लामिक शिक्षण संस्थान खोले जाने की प्रारंभित अनुमति दी थी। कहा जाता है कि ट्रस्ट यहां देवबंद दारुल उलूम की तरह विशाल मदरसा या मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने जा रहा था, जिसके लिए ट्रस्ट द्वारा 20 एकड़ भूमि ग्राम हरियावाला धौलास पछुवा दून परगना विकासनगर देहरादून में धारित भूमि किसानों से ली गई थी और साथ ही कुछ और ग्राम समाज और वन विभाग की सरकारी विभागों की भूमि पर भी कथित रूप से कब्जा किया गया था। इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए) को जब यहां उक्त इस्लामिक शिक्षण संस्थान खोले जाने के प्रयासों की जानकारी मिली तो उनके द्वारा उत्तराखंड की तत्कालीन कांग्रेस की तिवारी सरकार के समक्ष आपत्ति दर्ज की गई।जिसके बाद इस योजना पर कई माहों तक रोक लगी रही। कांग्रेस सरकार के बाद आई बीजेपी सरकार के समय ये मामला ठंडे बस्ते में रहा उसके बाद जब पुन: कांग्रेस की सरकार आई तो एक बार फिर से यहां इस्लामिक शिक्षण संस्थान खोले जाने के लिए हलचल तेज हुई। उल्लेखनीय है। ट्रस्ट के अध्यक्ष महमूद हसन मदनी द्वारा मामला उत्तराखंड उच्च न्यायालय में ले जाया गया जो कि कई माहों तक चला जहां उन्हें कोई राहत नहीं मिली और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह आईएमए की आपत्ति रही थी। हाई कोर्ट ने इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य सरकार को और ट्रस्ट को दिनांक ये निर्देश दिए थे कि उक्त भूमि का लैंड यूज चेंज नहीं किया जाएगा और ये कृषि भूमि ही रहेगी और यदि बेची जाएगी तो भी कृषि भूमि ही रहेगी और इससे जो पैसा आयेगा वो भी ट्रस्ट में सामाजिक कार्यों में लगाया जाएगा। दरअसल इस निर्देश के पीछे तर्क ये दिया गया था कि आई एम ए एक संवेदनशील स्थान है आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से इसके कैंपस के आसपास न तो आबादी की बसावट की जानी चाहिए और न ही व्यापारिक गतिविधियां यहां से संचालित होनी चाहिए। गौरतलब बात ये है ट्रस्ट की ओर से हाई कोर्ट में दी गई याचिका संख्या 1918( एम एस)/2007 ट्रस्ट बनाम राज्य व अन्य के निर्देशों के बाद राज्य सरकार के राजस्व विभाग के अपर सचिव जे पी जोशी ने 19जुलाई 2016 को डीएम देहरादून को पत्र लिख कर कहा कि हाईकोर्ट के द्वारा पारित आदेश 8/6/2010 के अनुपालन में शासनादेश 150/राजस्व/2004/15/3/2004 के संदर्भ में उक्त ट्रस्ट की कृषि भूमि को अकृषि नहीं किया जाएगा। अब ये जानकारी मिली है कि ट्रस्ट ने देहरादून स्थित रईस अहमद नाम के व्यक्ति को पावर ऑफ अटॉर्नी दी हुई थी अब उक्त 20 एकड़ भूमि पर मुस्लिम बस्ती बसाने के लिए प्लॉटिंग की जा रही है। जानकारी के मुताबिक हरियाला वाला कि प्रधान रही रजनी देवी ने इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन के समक्ष 2016 में कई बार लिखित रूप में भी दर्ज करवाई गई थी। उस समय तो प्रशासनिक दबाव में ये प्रकरण ठंडे बस्ते में पड़ा था किंतु कुछ माह बाद उक्त भूमि को बेचा जाने लगा। **उत्तराखंड के किसानों से ली गई थी जमीन :** जानकारी के मुताबिक यहां ट्रस्ट द्वारा इस्लामिक शिक्षण संस्थान खोले जाने के उद्देश्य से वीर सिंह पुंडीर,मंगत राम,कला चंद, हितेंद्र नारायण,महेंद्र सिंह, रणबीर सिंह, लक्ष्मी थापा, कुंती देवी, विक्रम सिंह, बीना ठाकुर, चरण सिंह, सत्येंद्र कुमार, बलवीर सिंह, मदन सिंह, भगवान सिंह, आलोक कुमार, मनजीत सिंह, संदीप कुमार, धर्म सिंह, गुलाब सिंह, रतन देई, जोगेंद्र सिंह आदि से 20 एकड़ कृषि भूमि ली गई थी। **इन मुस्लिमों के नाम हो चुकी है रजिस्ट्री :** ट्रस्ट द्वारा रईस अहमद को पावर आफ एटर्नी देकर मुस्लिम समुदाय को भूमि बेची जा रही है।अब तक मंजर आलम, शहजाद अली, आसिफ, ताहिर खान, अमजद अली, मोहम्मद तारिक,साहिल अहमद, मोहम्मद इरशाद, शहजाद अली, सलीम अहमद,नवाब नसीम, मोहम्मद शोएब आदि के नाम भूमि बिक्री के बाद दाखिल खारिज भी हो चुका है। भू





दस्तावेजों को देख कर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि हिंदू किसानों से ली गई भूमि पर मुस्लिम समुदाय की बसावट हो रही है, यानि योजनाबद्ध तरीकों से डेमोग्राफी चेंज की साजिश रची जा रही है तो क्या इसके पीछे दारुल उलूम, जमीयत उलेमा ए हिंद या महमूद मदनी का शेखुल हिंद एजुकेशन चेरिटेबल ट्रस्ट की कोई योजना काम कर रही है ? स्मरण रहे कि ये आईएमए के साथ जुड़ी हुई है। यहां ज्यादातर वो मुस्लिम है जोकि बाहरी राज्यों से आए हुए है। ऐसी भी जानकारी मिली है कि आई एम ए द्वारा भी कई बार प्रशासन को इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई गई किन्तु कोई ठोस समाधान नहीं निकला। **हिंदूवादी टाइगर राजा का बयान :** देहरादून में उक्त भूमि को लेकर हैदराबाद के हिंदूवादी नेता टी राजा सिंह जो की गोशामहल हैदराबाद से पांच बार के विधायक रहे हैं का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें उनके द्वारा जमीयत उलेमा हिंद के महमूद मदनी पर खुला आरोप लगाया है कि उनके द्वारा देहरादून में कांग्रेस शासनकाल में ली गई भूमि को बेच दिया गया। **धामी सरकार करती रही है मुस्लिम यूनिवर्सिटी का विरोध :** 2022 के विधान सभा चुनावों के दौरान बीजेपी ने कांग्रेस पर देवभूमि उत्तराखंड में मुस्लिम यूनिवर्सिटी खोले जाने पर सवाल उठाए थे और ये मुद्दा सुर्खियों में रहा और जनमानस में गहराया रहा, आज भी कांग्रेस नेता इस पर सफाई देते रहते है लेकिन शेखुल हिंद एजुकेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इस्लामिक शिक्षण संस्थान के लिए खरीदी गई हिंदू किसानों की भूमि इस बात का प्रमाण था कि इस्लामिक धार्मिक नेता डॉ महमूद मदनी और कांग्रेस सरकार के बीच कुछ न कुछ तो इस पर सहमति थी जिसे भारतीय सैन्य अकादमी प्रबंधन ने आगे बात बढ़ने नहीं दी। उस समय कांग्रेस नेता अकील अहमद ने ये बयान दिया था कि कांग्रेस सरकार आई तो वो मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाएगी। जिस पर कांग्रेस नेताओं की खासी फजीहत हुई थी। **भूमि प्रकरण पर क्या कहते है सीएम धामी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि ये मामला एक वीडियो के जरिए उनके संज्ञान में आया है ये संवेदनशील विषय है, हमने जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट आने पर ही आगे की कारवाई की जाएगी। उत्तराखंड की डेमोग्राफी चेंज करने के साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी।

# ओवरलोड गन्ने का ट्रक पलटने से दो युवक दबे,जन सहयोग से बची जान

सितारगंज। बिजटी चौक पर ओवरलोड गन्ने का ट्रक पलट गया। गन्ने के नीचे बाइक सवार दो युवकों के दबे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस प्रशासन और क्षेत्र के लोगों की मदद से दोनों युवकों को बाहर निकालकर घायलावस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार दोपहर बाद करीब तीन बजे खटीमा मार्ग की ओर से गन्ने का एक ओवरलोड ट्रक बिजटी चौक की ओर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजटी चौक से पहले ट्रक का पीछे का एक टायर फट गया, लेकिन चालक ट्रक को चलाता रहा। अत्यधिक



लोड होने के कारण बीच चौराहे पर दूसरा टायर भी फटने से ट्रक असंतुलित होकर बिजटी मार्ग की ओर जाकर पलट गया। इससे गन्ना सड़क पर गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों को ट्रक और गन्ने के नीचे वाहनों के दबने की आशंका हुई। सूचना मिलते ही कोतवाल सुंदरम शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान जेसीबी मशीनों और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने गन्ना हटाना शुरू किया। इस दौरान हाइड्रा क्रेन से ट्रक को हटाया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गन्ने के नीचे दबे दो युवकों को घायलावस्था में बाहर निकाला। पालिकाध्यक्ष सुखेदव सिंह, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी बचाव में जुटे रहे। बताया जा रहा है कि बाइक सवार छिटक कर गन्ने के नीचे दब गए, जबकि बाइक ट्रक के नीचे दब गई। घायलों की पहचान 18 वर्षीय मो. हसन पुत्र फरुद्दीन और 18 वर्षीय मतीन पुत्र अनीस खान निवासी बघौरी के रूप में हुई।



## बड़ा हादसा टाला : ट्रक के नीचे दब गए थे हसन और मतीन

सितारगंज। गन्ने का ट्रक पलटने से बगौरी के हसन और मतीन नीचे दब गए।पुलिस और जनसहयोग से दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में उनके चोटें लगी हैं। दोनों का उपचार चल रहा हैं। और सुरक्षित बाहर निकलते ही उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया। यहां होश आने पर दोनों की आंखों में नमी आ गई और जुबां पर खुदा का शुक्रिया था। उन्होंने भावुक होकर कहा– आज उन्होंने मौत को बेहद करीब से देखा है। एक पल को लगा कि सब खत्म हो गया, लेकिन शायद उनके किसी नेक काम या बड़ों की दुआओं की वजह से मैं बच गया।

# यूजीसी कानून को बताया बच्चों के भविष्य के खिलाफ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यूजीसी के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा भारतीय जनता पर थोपे गए काले कानून के विरोध में प्रकाश हर्बोला जी के संयोजन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सभी ने एक स्वर में इस काले कानून की भर्त्सना की। प्रकाश हर्बोला ने कहा यह काला कानून हमारे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि संवर्ण समाज अभी तक सोया ही रहा। जब–जब कानून बनते रहे उसका कोई प्रतिकार नहीं किया गया। उन्होंने कहा एससी, एसटी एक्ट लागू होने, प्रमोशन में आरक्षण लागू होने पर भी सवर्ण समाज चुप रहा। अब यूजीसी के माध्यम से यह काला कानून बनाकर केंद्र सरकार सवर्णों एवं उनके बच्चों पर अत्याचार करने पर उतर आई है, इसे हम कतई स्वीकार नहीं करेंगे। हम केंद्र सरकार से अनुरोध करते हैं कि अविलम्ब इस काले कानून को वापस लिया जाए। इसे सवर्ण समाज कतई स्वीकार नहीं करता है। यदि यह कानून थोपा गया तो इसका हर संभव पुरजोर विरोध किया जाएगा। विनोद साही ने कहा हम लोग संगठित होकर अभी भी इसका विरोध नहीं करेंगे तो हम अपने आने वाली पीढ़ी को क्या देंगे गुलामी, अभी समय है सभी सवर्ण समाज एक होकर इस कानून का विरोध करें। कोर्ट की रोक कोई स्थाई नहीं है यह तो कोर्ट से फैसला आने पर ही मालूम पड़ेगा। इसीलिए हमें चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ना पड़ेगा। मोहन काण्डपाल ने कहा हमें आज संगठित होने की अत्यंत आवश्यकता है। यह मुहिम अपने मंजिल पर पहुंच कर ही समाप्त होनी चाहिए। चाहे कितनी ही कुर्बानी क्यों ना देनी पड़े। प्रदेश अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर जेएस बिष्ट ने कहा कि हम तो नौकरियों में भी आरक्षण का नुकसान उठाते रहे जिसको जॉइनिंग करवाई वहीं 3 साल बाद हमारा बॉस बन गया। लेकिन हमने कभी प्रतिकार नहीं किया। अब हमें अपने आंदोलन को सफलता की ओर अग्रसर करना है। भुवन भट्ट ने कहा कि यूजीसी कानून अविलम्ब वापस लिया जाए, यदि इसे लागू ही करना पड़े तो इसमें सभी



विद्यार्थियों को समान रूप से शिकायत करने का अधिकार होना चाहिए। शिकायतकर्ता शपथ पत्र दे अगर शिकायत झूठी निकले तो उसके लिए दोगुना दंड का प्रावधान हो। तेज सिह कार्की ने कहा कि देश में जाति प्रथा को इन राजनीतिक दलों ने अपने वोट बैंक बढ़ाने की खातिर बढ़ावा दिया है। इसके मूल में जातिगत आरक्षण का प्रावधान है इसलिए सर्वे प्रथम जातिगत आरक्षण को समाप्त किया जाना चाहिए। क्योंकि जो सरकारें पिछले 75 वर्षों से आरक्षण लागू कर इन जातियों को देश की मूल धारा में शामिल नहीं कर पाई क्या गारंटी है कि भविष्य में उनका विकास कर पाएगी, यह कानून भी कहीं न कहीं उन्हें भी कुंठित कर रहा है। इसलिए आरक्षण को ही समाप्त किया जाना चाहिए। इस तरह अगर हिंदुओं को जाति वर्ग मै बांटा जाएगा तो देश कैसे बचेगा इसलिए सभी जाति वर्गों के लिए समान कानून होना चाहिए। ज्योति अवस्थी सुंदर ने कविता के माध्यम से सरकार को चेताया और उन्होने कहा हमें ठाकुर पंडित, बनिया कायस्थ भूमिहार के रूप में नहीं सोचना है, हम यही सोच रहे है इसलिए कानून द्वारा हमें दबाया जा रहा है हम सबने मिलकर इसका प्रतिकार करना चाहिए। अंत में संयोजक प्रकाश हर्बोला ने सभी की सहमति से इस आंदोलन को कल्कि सेना ( ट्रस्ट) एक समाजिक संगठन के अंतर्गत संचालित करने का आह्वान किया कि सभी सवर्ण एक मंच पर आएं तथा अगले कार्यक्रम के माध्यम से सरकार को जगाया जाए। आगामी 21फरवरी को कल्कि सेना के बैनर तले महारैली का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसमें ढोल नगाड़ों के साथ कल्कि सेना एक सामाजिक संगठन खुलवाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम का संचालक भुवन भट्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रताप जोशी,गणेश जन्तवाल, विशाल शर्मा, गौरव गोस्वामी, देवेंद्र खाती, प्रवेंद्र दुबे, जगत सिंह बिष्ट, सीमा बत्रा, ज्योति अवस्थी, अंजू पाण्डे, नेहा चन्दोला, दीप्ति गुरुरानी, मृदुला जी, सौरभ काण्डपाल, आंनद बल्लभ लोहनी, नीता गुप्ता, तरनजीत कौर, सुशील भट्ट, नवीन पंत, योगेंद्र जोशी, हरीश ऐरी, महेश चंद्र जोशी, जितेन्द्र सिंह रावल, हरीश काण्डपाल आदि दर्जनों प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। आगे के कार्यक्रम के संचालन के लिए 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। अब प्रचंड महा रैली 21 फरवरी को होगी जिसमे सभी स्वर्ण समाज अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंगे तथा इस महारैली मे महिलाओं युवाओं से आह्वान किया अधिक से अधिक संख्या मे रैली को सफल बनाने हेतु आगे आये।

# सिक्स सिग्मा के छात्रों ने सीमैप मेले में सीखी औषधीय खेती और आसवन की बारीकियां

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर के बी.एस.सी. एग्रीकल्चर विभाग के छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय औषधीय एवं सगन्ध पौध संस्थान (सीमैप), नगला पंतनगर में आयोजित कृषि मेले का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने कृषि के आधुनिक पहलुओं और आयुर्वेद आधारित स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।मेले में छात्र-छात्राओं ने अपने पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न औषधीय एवं सगन्ध पौधों की पहचान करना सीखा। सीमैप के वैज्ञानिकों द्वारा छात्रों को इन पौधों की वैज्ञानिक खेती, व्यावसायिक प्रबंधन और आसवन (डिस्टिलेशन) की विधियों के बारे में प्रयोगात्मक जानकारी दी गई। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को किताबी ज्ञान से हटकर धरातल पर आयुर्वेद और सगन्ध पौधों की कार्यप्रणाली समझाना था, ताकि भविष्य में वे आयुर्वेद औद्योगिक क्षेत्रों में अपना करियर बना सकें।भ्रमण के दौरान छात्रों को केवल खेती ही नहीं, बल्कि उत्पादों के मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) के बारे में भी बताया गया। छात्रों ने गुलाब जल और धूपबत्ती बनाने का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो भविष्य में उनके लिए स्वरोजगार के द्वार खोल सकता है। सीमैप की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अमित सिंह चौहान ने गुलाब जल बनाने की प्रक्रिया और आसवन यंत्र की कार्यप्रणाली के बारे में छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह भ्रमण संस्थान के ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड रजत धवन की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान कृषि फैकल्टी डॉ. अक्षिता बांगा, सहायक प्राध्यापक सोमेन्द्र सिंह और कृषि प्रवक्ता मनीष यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। भ्रमण के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा और मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर व शौर्य अरोरा ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, प्रकाश पंत और विवेक त्रिवेदी ने भी छात्रों के इस शैक्षणिक प्रयास की सराहना की।



# मजबूत शिक्षा कानून की मांग को लेकर रामनगर से शुरू होगा 'शिक्षा सत्याग्रह'

रामनगर। रामनगर के लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तराखंड में मजबूत शिक्षा अधिनियम और अखिल भारतीय शिक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर एक शांतिपूर्ण शिक्षा सत्याग्रह शुरू करने की घोषणा की गई,आयोजकों ने स्पष्ट किया कि इस आंदोलन का एकमात्र उद्देश्य राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए एक सशक्त, पारदर्शी और प्रभावी शिक्षा कानून को लागू कराना है। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा को किसी भी कीमत पर व्यवसाय नहीं बनने दिया जाएगा, बल्कि इसे प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार बनाए रखना ही इस आंदोलन का मुख्य लक्ष्य है। आंदोलन के माध्यम से अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े सभी हितधारकों के लिए स्पष्ट, सख्त और समान रूप से लागू होने वाले शिक्षा कानून की मांग की जा रही है। आयोजकों ने बताया कि शिक्षा सत्याग्रह की शुरुआत रामनगर से हो रही है और इसके आगामी चरणों में यह आंदोलन



नैनीताल, अल्मोड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में भी आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का नेतृत्व स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवकों द्वारा किया जाएगा, ताकि यह जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ सके। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दीप पांडे ने कहा कि वर्तमान समय में अभिभावकों, शिक्षकों, छात्रों, पुस्तक विक्रेताओं और परिवहन से जुड़े लोगों पर निजी स्कूलों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मनमानी को रोकने के लिए एक ठोस और प्रभावी कानून की आवश्यकता है। पांडे ने बताया कि उत्तराखंड में पहले से ही केयरन मेयर हिल्टन एक्ट जैसा शिक्षा अधिनियम मौजूद है, लेकिन दुर्भाग्यवश इसे आज तक प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस मिशन की शुरुआत हल्द्वानी से की गई है और इस संबंध में जनहित याचिका भी दाखिल की जा चुकी है। अब गेंद सरकार के पाले में है कि वह इस कानून को लागू करे। दीप पांडे ने कहा कि एक्ट पहले से मौजूद है, जरूरत सिर्फ राजनीतिक इच्छाशक्ति की है, ताकि शिक्षा व्यवस्था को शोषण मुक्त और न्यायसंगत बनाया जा सके।

# छात्र संघ चुनाव में राजविंदर कौर अध्यक्ष निर्वाचित

सितारगंज (उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। हाईकोर्ट के निर्णय के बाद अध्यक्ष पद के लिए हुए इस चुनाव में राजविंदर कौर ने शानदार जीत दर्ज की है। इस चुनाव में कुल 2135 मतदाताओं में 459 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिनमें से राजविंदर कौर को 372 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी गौरव फरतियाल को मात्र 84 वोटों से संतोष करना पड़ा। दो मत निरस्त हुए वहीं एक मत नोटा के खाते में गया। भारी मतों से जीत हासिल कर राजविंदर कौर ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। इस मौके पर कॉलेज की प्रिंसिपल रेनू बंसल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। उन्होंने विजयी प्रत्याशी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजविंदर कौर ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस मुकाम



तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज का हर विद्यार्थी उनके लिए समान है औरदवह सभी छात्रों के हित में कार्य करेंगी। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी छात्र को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। परिणाम घोषित होते ही छात्रों ने ढोल और नगाड़ों के साथ राजविंदरनकौर का जोरदार स्वागत किया, उन्हें फूल-मालाएं पहनाई गईं और जमकर खुशी मनाई गई। राजविंदर कौर की जीत से छात्रों में नई उम्मीद जगी है।

# नैनीताल जनपद की नदियों में खनन निकासी ने तोड़े पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले में खनन राजस्व से लेकर नदियों में खनन वाहनों के संचालन और उप खनिज चुगान में पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया है। गौला, नन्धौर और कोसी नदी में इस साल जिला प्रशासन के प्रयास अत्यंत सफल रहे हैं, जिसकी पुष्टि पिछले पांच वर्षों के आंकड़े कर रहे हैं। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पारदर्शी एवं नीतिगत खनन चुगान प्रक्रिया को समय से शुरू करने के कारण यह सफलता मिली है।प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार गौला नदी में वर्तमान वर्ष में अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए 2,22,664 वाहन चक्करों से 2,13,99,739.38 टन उप खनिज की निकासी की गई है। इसके मुकाबले पिछले वर्ष इसी अवधि में केवल 23,57,708.76 टन निकासी हुई थी। इस वृद्धि से सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व प्राप्त हुआ है और गौला से जुड़े वाहन स्वामियों, चालकों एवं मजदूरों को बड़े स्तर पर रोजगार मिला है। नन्धौर नदी में भी स्थिति उत्साहजनक रही है। अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक जहां कोई निकासी नहीं हो पाई थी, वहीं इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ 26,824



वाहन चक्करों से 2,17,763.60 टन उप खनिज निकाला गया।कोसी नदी में भी जिला प्रशासन के प्रयासों से खनन चुगान के पुराने रिकॉर्ड पीछे छूट गए हैं। इस वर्ष अक्टूबर से जनवरी तक 41,874 वाहन चक्करों से 5,01,997.05 टन उप खनिज की निकासी हुई, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा केवल 98,657.86 टन तक ही सीमित था। वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रशासन ने खनन कार्य में जुटे मजदूरों के लिए सुरक्षात्मक उपकरण, कंबल और धूल से बचाव के लिए पानी के छिड़काव जैसे कार्यों को भी समय पर सुनिश्चित कराया। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि राज्य सरकार की पारदर्शी खनन नीति और वार्षिक चुगान व्यवस्था को तय समय पर संचालित करने के बलबूते ही ये सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ दी दबिश

हल्द्वानी। (उद संवाददाता)। जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर आबकारी विभाग ने शहर में शनिवार को अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने अभियान चलाते हुए ग्राम फतेहपुर, लामाचौड़, गोलापुर और दौलतपुर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान गोपाल सिंह पुत्र पूरन सिंह की आवास से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। जिससे क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारीयो में हड़कंप मच गया। आबकारी टीम ने मौके से 65 टेट्रा पैक देसी शराब, 42 पव्वा अंग्रेजी शराब एवं 156 पाउच कच्ची शराब जब्त की। विभाग द्वारा अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। बरामद समस्त शराब को कब्जे में लेते हुए आवश्यक विधिक करवाई की गई है आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है की जनहित में आवे शराब के विरुद्ध या अभियान आगे भी लगातार और शख्ती के साथ जारी रहेगा।



# आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गई पॉक्सो एक्ट और महिला अधिकारों की जानकारी

नैनीताल (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल थपलियाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को महिला जननांग विकृति के प्रति शून्य सहिष्णुता के अंतर्राष्ट्रीय दिवस और पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सचिव पारुल थपलियाल ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले हानिकारक अभ्यासों को समाप्त करने के लिए वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना चिकित्सीय कारणों के महिलाओं के बाहरी जननांगों को आंशिक या पूर्ण रूप से चोट पहुँचाना



मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, जो शारीरिक और मानसिक रूप से गहरा नुकसान पहुँचाता है। इसके साथ ही कार्यशाला में पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में बताते हुए कहा गया कि यह 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन उत्पीड़न और शोषण से बचाने के लिए बनाया गया एक विशेष लिंग-तटस्थ कानून है। इस कानून के तहत गंभीर मामलों में मृत्युदंड सहित कठोर सजा और विशेष अदालतों में त्वरित सुनवाई का प्रावधान है। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न क्रियाकलापों और निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में भी कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया।

# हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है सत्य का प्रकाश - हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। उन्होंने कहा कि दृढ़ता, संयम, त्याग व



तद्नुकुल आचरण इन चारों के एकत्रित होने पर ही सफलता प्राप्त होती है। योग्यता से अधिक महत्वकांक्षी नहीं होना चाहिए। भूतकाल से प्रेरणा लें,भविष्य के लिए योजना चाहे बनाए, लेकिन जीएँ वर्तमान में। सबसे महत्वपूर्ण समय वर्तमान है उसका उत्तम से उत्तम उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है।अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व "श्री गुरु महाराज" "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैय्या" की जय जयकार से गूँज उठा। परम पूज्य श्री महाराज जी के श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर पधारने पर हरि भक्तों ने हार्दिक स्वागत किया। बड़ी संख्या में हरि भक्तों ने श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों का लाभ उठाया। श्री दिव्येश्वर महादेव का पूजन व महाअभिषेक श्री महाराज जी ने किया। सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ भी हुआ। महा शिवरात्रि महोत्सव व विराट धर्म सम्मेलन की तैयारियाँ भी उत्साह पूर्वक चल रही हैं। जिसमें सभी धर्म प्रेमी जनता को सप्रेम आमंत्रित किया है।

# खटीमा मेरी कर्मभूमि और मेरी पहचान : धामी

## छात्र संघ द्वारा आयोजित विंटर कार्निवाल का सीएम ने किया शुभारंभ, खटीमा का चहुंमुखी विकास कर रही सरकार







खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेमवंती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा में छात्र संघ द्वारा आयोजित विंटर कार्निवाल में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया व हौसला अफजाई की। उन्होंने विंटर कार्निवाल का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया व छात्र संघ के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके सफल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज छात्र संघ द्वारा कल राज्य और देश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि खटीमा मेरे लिए कोई विधानसभा सीट नहीं बल्कि ये मेरा घर है, मेरी कर्मभूमि है और मेरी पहचान है। खटीमा की मिट्टी ने मुझे सेवा का संस्कार दिया है, यही वो धरती है जहाँ से मैंने जनसेवा की पहली सीढ़ी चढ़ी थी। यही वजह है कि यहां की हर गली, हर गांव मेरे दिल के बेहद करीब है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खटीमा में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल सहित बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए खटीमा और टनकपुर के बीच एक भव्य सैन्य स्मारक भी बनाने जा रहे हैं, जिस पर जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार पंतनगर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भी संकल्पित है, जिस पर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। यही नहीं, हमने एक ओर जहां राजकीय महाविद्यालय खटीमा में एमकॉम और एमएससी की कक्षाएं शुरू कराई, वहीं जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में एकलव्य ये परिवर्तन केवल सरकारी रिपोर्टों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम जन के जीवन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी पलायन निवारण आयोग की रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश में 44 प्रतिशत रिवर्स पलायन हुआ है। यानी आज हमारा पहाड़ का युवा, बेहतर भविष्य, स्वरोजगार और आत्मसम्मान की उम्मीद के साथ फिर से अपनी मिट्टी, अपने गांवों की ओर लौट रहा है। प्रदेश की बेरोजगारी दर में एक ही वर्ष में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत पाखंडियों पर भी कठोर कार्रवाई की है। क्योंकि आस्था की आड़ में ठगी करने वालों के लिए देवभूमि में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने समान नागरिक संहिता लागू कर प्रदेश में समरसता, समान अधिकार और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी है। ये सिर्फ कानून नहीं, बल्कि नए उत्तराखंड का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर नकल माफिया की कमर की नीतिष् अपनाकर पिछले साढ़े चार वर्षों में 200 से अधिक भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया है। यहाँ विकास भी होगा, परंपराएँ भी सुरक्षित रहेंगी, और जो ताकतें राष्ट्र, संस्कृति और समाज के खिलाफ खड़ी होंगी, उन्हें जवाब भी अवश्य मिलेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर दीपक बाली, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष





पहली बार विंटर कार्निवल के अंतर्गत भजन क्लम्बिंग जैसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की शुरुआत की जा रही है। मेरा मानना है, इस प्रकार की पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, लोक परंपराओं और युवा चेतना के संगम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भजन क्लंबिंग जैसे आयोजन ये सिद्ध करते हैं कि हमारा युवा वर्ग आधुनिकता के साथ-साथ अपनी जड़ों से भी मजबूती से जुड़ा हुआ है और संगीत, भक्ति और संस्कृति के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देना, ऐसे आयोजनों की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस पहल के लिए मैं, छात्र संघ की पूरी टीम को बधाई देता हूँ। ऐसा आयोजन कर आप सभी ने नेतृत्व क्षमता, संगठन शक्ति और सामाजिक दायित्व का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिन छात्र-छात्राओं ने आज इस कार्यक्रम का संचालन किया है, वही छात्र निरंतर ठोस कदम उठाए हैं। खटीमा में हमने विकास को केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने का काम किया है। हमने एक ओर जहां क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए गदरपुर-खटीमा बाईपास और नौसर में पुल का निर्माण कराया है, वहीं पूरे क्षेत्र में सड़कों के व्यापक नेटवर्क का विकास भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि हमने खटीमा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करने के साथ-साथ चकरपुर में राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण भी कराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जहां एक ओर खटीमा में आधुनिक आईटीआई और पॉलीटेक्निक कॉलेज तथा 100 बेड के नए अस्पताल परिसर का निर्माण कर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया है वहीं, विद्यार्थियों के लिए साथी केंद्र की स्थापना करने के साथ ही औद्योगिक विकास को गति देने लिए सिडकुल की स्थापना भी की गई है। इतना ही नहीं, हम विद्यालय का संचालन भी प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि हम जहां एक ओर जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण पुनः प्रारंभ कर पूरे तराई क्षेत्र की पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान करने की दिशा में कार्य कर रहे है वहीं, क्षेत्र के लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एम्स के सेटेलाइट सेंटर की स्थापना करने के साथ-साथ खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के माध्यम से इस पूरे क्षेत्र के विकास को गति देने का प्रयास भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तराखंड रोजगार सृजन के मामले में भी देश के अग्रणी राज्यों में अपनी जगह बना चुका है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब प्रदेश की प्रतिव्यक्ति आय सीमित थी, लेकिन आज उसी प्रतिव्यक्ति आय में 17 गुना की वृद्धि हुई है। प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क दोगुना हुआ है, और बिजली उत्पादन में चार गुना वृद्धि दर्ज की गई है। की कमी की है, जो राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति, अस्मिता और कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दंगारोधी और धर्मांतरण विरोधी कानूनों को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जमीन पर सख्ती से लागू करके भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हमने 11 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया। इतना ही नहीं, 250 से अधिक अवैध मदरसों को सील करने के साथ ही 500 से अधिक अवैध संरचनाओं पर बुलडोजर चलाकर ये स्पष्ट संदेश भी दिया है कि देवभूमि की एक-एक इंच भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कालनेमि के माध्यम से हमने सनातन धर्म को बदनाम करने वाले ढोंगियों और तोड़ने की पहल की, और इसका परिणाम है कि आज प्रदेश के 28 हजार से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी मिली है। उन्होंने कहा है कि युवाओं के हक पर किसी माफिया का साया नहीं पड़ने दिया जाएगा, अब प्रदेश में पर्ची नहीं, परिश्रम चलता है, सिफारिश नहीं, सिस्टम चलता है। उन्होंने कहा कि हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ भी ष्जीरो टॉलरेंस कमल जिंदल, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत,अमित पांडे, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी,गौरव पांडे, सी ओ बी एस धोनी सहित छात्र संघ के सभी पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।




# सीएम धामी ने क्रिकेट टूर्नामेंट के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

खटीमा। बिरिया मझोला खटीमा में स्वर्गीय मनीष चंद स्मृति द्वितीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के समापन एवम् पुरुस्कार वितरण समारोह में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग कर खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरित किया। टूर्नामेंट में 16 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। फाइनल मुकाबला नगला तराई खटीमा व उजालिकोट टनकपुर के बीच खेला गया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी व क्रिकेट में हाथ भी आजमाए। पहले खेलते हुए नगला तराई खटीमा ने 108 का लक्ष्य दिया जबकि उजलीकोट ने लक्ष्य प्राप्त कर 03 विकेट से जीत हासिल की।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय मनीष चंद के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की व संबोधित करते हुए कहा कल भारतीय युवा अंडर 19 टीम ने विश्व कप जीता है इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी।उन्होंने कहा खिलाड़ी लक्ष्य लेकर संकल्प के साथ आगे बढ़ेंसिद्धि तक अवश्य पहुंचेंगे। उन्होंने कहा अब खेल एक मनोरंजन का साधन नहीं है,खेलो में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं इसलिए लक्ष्य निधरित करते हुए अनुशासन के साथ खेले।मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल शरीर व मनमस्तिष्क को स्वस्थ रखता है तथा हमें अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व सिखाता है इसलिए टीम भावना से खेले। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खेलो इंडिया,फिट इंडिया योजनाओं के अन्तर्गत खेलो का ढांचागत विकास किया है इसलिए हमारे खिलाड़ी आज सभी खेलो में परचम लहरा रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री खिलाड़ियों से मिलते हैं व उनका हमेशा उत्साहवर्धन करते हैं।उन्होंने कहा राष्ट्रीय खेलो में हमारे खिलाड़ी यों ने 103 पदक जीते है यह हमारे लिए गर्व की बात है हमारी देव भूमि अब खेल भूमि बन रही है।उन्होंने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, स्वर्गीय मनीष चंद की माता हरिकेश चंद, जिला पंचायत सदस्य रीता काफलटा, भास्कर संभल ,क्षेत्र पंचायत सदस्य मंदीप राणा, प्रेम प्रकाश, तेज सिंह महर,प्रधान भागीरथी राणा, दीपक एरी, चन्द्रकला, माया जोशी,गणेश सिंह महर, गीता ज्याला, सांसद प्रतिनिधि रवींद्र राणा, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, अमित पांडे, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, गौरव पांडे, सी ओ बी एस धोनी सहित टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य एवं जनता मौजूद थे।











# पारंपरिक माघ खिचड़ी भोज कार्यक्रम में पहुंचे धामी

टनकपुर। टनकपुर स्थित शारदा घाट में आयोजित पारंपरिक माघ खिचड़ी भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभाग कर प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति से जुड़ाव का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरित किया तथा स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकर माघ खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय महिलाओं के साथ कुमाऊँ की प्राचीन लोक परंपरा "खड़ी होली" में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में घेरा बनाकर खड़े होकर कुमाऊँनी लोकगीत गाए, जिनमें मुख्यमंत्री ने भी स्वर मिलाया। ढोल-दमाऊँ और लोकधुनों की मधुर लय पर पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक गौरव से ओतप्रोत हो उठा। टनकपुर की गलियों में गूंजती खड़ी होली ने कुमाऊँ की जीवंत लोक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।इस अवसर पर



मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मास श्रद्धा, सादगी, संयम और समरसता का प्रतीक है। खिचड़ी भोज जैसी परंपराएँ समाज को एक सूत्र में बांधती हैं, वहीं खड़ी होली जैसी लोक विधाएँ हमें अपनी जड़ों, संस्कृति और विरासत से जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परंपराएँ सामाजिक एकता को सुदृढ़ करती हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक पहचान से परिचित कराती हैं।

# खटीमा में मुख्यमंत्री धामी ने शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात, जताई संवेदना

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम सिंह जेठी की पत्नी के निधन पर उनके आवास जाकर परिजनों से भेंट की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।मुख्यमंत्री ने इसके बाद ढील्लू सिंह राणा तथा जशोधर भट्ट के निधन पर भी उनके आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और पूरा समाज पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री धामी ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा।





# आर.ए.एन.में 'वन नेचर, वन हार्ट' पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन.विद्यालय बिलासपुर के परिसर में एफ 1 ,2 ,3 और कक्षा एक के छात्र-छात्राओं ने 'वन नेचर, वन हार्ट' विषय पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जहां प्रकृति सबको एक साथ रखती है। चाहे वे जल में रहने वाले हो, वन में रहने वाले हो, समुद्री प्राणी हो या मनुष्य, सभी समान है। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि मीनू मदान अर्ली बर्ड प्री-प्राइमरी स्कूल फाउंडिंग मेंबर, सामाजिक कार्यकर्ता सलोनी गोयल, चेयरमैन विंग कमांडर एच.के.राय, मधु राय, निर्देशक मोहित राय, विद्यालय निर्देशिका निधि राय, मुख्य अध्यापिका मेघना गुप्ते व विद्यालय सलाहकार रेखा कर्नाटक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में श्री एवं बक्शी, एडवोकेट जीशान मलिक, अनुरोध शर्मा उपस्थित थे। तत्पश्चात विद्यालय की मुख्य अध्यापिका मेघना गुप्ते ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत हरित चिन्ह देकर किया । कार्यक्रम में एफ 3 व कक्षा 1 के सभी छात्रों ने तन और मन को शक्ति प्रदान करता हुआ योग प्रस्तुत किया, इसी श्रृंखला में आगे एफ 1, एफ 2 व एफ 3 के छात्र- छात्राओं ने बटर-फ्लाई, धक - धक धरती व रेन ड्राप विषय पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीनू मदान एवं सलोनी गोयल ने विद्यालय की प्रशंसा करते कहा कि सभी बच्चों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों को यह सीख दी कि वे अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और विद्यालय पर हमेशा विश्वास बनाए रखें। कार्यक्रम के मध्य में उपस्थित सभी अभिभावकों के लिए लकी ड्रॉ निकाले गए व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा एक के सभी छात्र-छात्राओं ने, 'ओशन ऑफ होप' विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया व कक्षा एक के ही सभी छात्रों ने हैप्पी डांस प्रस्तुत करके सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। अभिभावकों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की व सभी छात्रों का उत्साह वर्धन किया ।







# होटलों पर छापेमारी से मचा हड़कंप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रेस्तरां में सफाई और खाना परोसने वालों की हेल्थ के रिकार्ड नहीं होने के संबंध में शनिवार को जनपद नैनीताल के विभिन्न क्षेत्रान्तर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा होटलों में छापामारी कार्रवाई की गयी जिससे होटल संचालकों में हड़कंप मचा रहा। कार्रवाई के दौरान खामियां पाए जाने पर कई होटलों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार विभागीय अधिकारियों ने जनपद नैनीताल के विभिन्न रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी तहसील क्षेत्रान्तर्गत तैनात वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों/खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा 20 खाद्य प्रतिष्ठानों होटल व रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 03 खाद्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत फूड हेन्र्डस के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाये गये जिन्हे



वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मेडिकल सार्टिफिकेट 15 दिन के भीतर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि 15 दिन के भीतर मेडिकल सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं कराये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत विधिवत कार्यवाही अमल में ली जायेगी। जनपद नैनीताल से विभिन्न प्रकार के दूध, पनीर, अनाज, बेकरी प्रोडेक्ट के नमूने जॉच हेतु भेजे गये है। खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# दहेज मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता से मारपीट

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है। शक्तिफार्म के टैगोर नगर निवासी रजनी रस्तोगी ने अपने पति, ससुर और तीन ननदों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग कोचिंग संस्था खोलने के नाम पर मायके से पांच लाख रुपये लाने का दबाव बना रहे थे। पुलिस को दी गई तहरीर में रजनी ने बताया कि उसका विवाह 22 अप्रैल 2024 को भोजीपुरा, बरेली निवासी कुलदीप रस्तोगी के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही उसे कम दहेज के लिए ताने दिए जाने लगे। रजनी के अनुसार, उसका पति शिक्षक है और वह अक्सर घर से बाहर रहता था, जिसका फायदा उठाकर सास-ससुर और अक्सर घर में रहने वाली ननदें प्रीती, सुरीति व एकता उसे छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित करती थीं। आरोप है कि मार्च 2025 में जब उसके पिता उसे लेने ससुराल पहुंचे, तो ससुर ओमकार रस्तोगी ने न केवल उसे भेजने से मना किया, बल्कि अपमानित कर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब वह दोबारा ससुराल पहुंची, तो उसे घर में घुसने नहीं दिया गया और मारपीट कर बाहर निकाल दिया गया। पति ने साफ तौर पर बरेली में अपनी कोचिंग संस्था खोलने के लिए पांच लाख रुपये की मांग रखी। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि विवाहिता की शिकायत पर पति, ससुर और तीनों ननदों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन विवेचना कर रही है।

# मुक्तेश्वर के ग्रामीणों को बाँटे अखरोट के पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद के मुक्तेश्वर क्षेत्र में ग्राम कसियालेख, बूढ़ीबना, गंगवाचौड़, सुनकिया के ग्रामीणों को जिला आयुर्वेद अधिकारी व पर्यावरण विद डा. आशुतोष पंत ने अखरोट के पौधे नि:शुल्क भेंट किए। राजकीय इंटर कॉलेज, कसियालेख के अध्यापकों के सहयोग से छात्र छात्राओं से भेंट कर उनके साथ अपने अनुभव साझा किये। उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। उनको हिंसक पशुओं से बचाव के टिप्स दिये। छात्रों को पॉलिथीन का प्रयोग ना करने और अपने व अपने परिजनों के जन्मदिन पर पौधे लगाने का संकल्प दिलाया। डा.पंत ने कहा उनका प्रयास है कि बागवानी की ओर लोगों का रुझान बढ़े, लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। फलोत्पादन बढ़ेगा तो लोगों का स्वास्थ्य अच्छा होगा, उनकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। कार्यक्रम में सहयोग के लिये योगाचार्य गौरव नेगी, सुनकिया की प्रधान श्रीमती पूनम देवी, स्थानीय सुरेश डंगवाल, गोविंद डंगवाल, डा . हिमाचल सिंह का उन्होंने आभार जताया।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सीएम ममता की दलील

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार से शुरू हुआ विवाद उत्तर प्रदेश से होकर अब पश्चिम बंगाल में केंद्रित हो गया है। पुनरीक्षण प्रक्रिया का मकसद मतदाता सूची से अपात्र लोगों को बाहर करना है, जिनमें स्थान बदलने वाले नागरिक या जिनकी मौत हो चुकी है या फिर गलत तरीके से नाम दर्ज कराने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। चुनाव में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस कवायद को जरूरी माना गया है और इस पर किसी को आपत्ति नहीं होगी, मगर इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है पारदर्शिता और निष्पक्षता का।विभिन्न राज्यों में इस प्रक्रिया के तहत मसविदा मतदाता सूची से जितनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर होने के दावे किए जा रहे हैं, उससे आम नागरिकों के मन में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इससे संबंधित मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि राज्य के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे।गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि नागरिकों के नाम मनमाने तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए और उन्हें इस संबंध में कारणों की जानकारी भी नहीं दी गई। ऐसे में निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को समय पर सूचित करने और उन्हें अपनी पात्रता साबित करने के पर्याप्त अवसर देने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है, अगर पुनरीक्षण को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने को प्राथमिकता दी जाती, तो संभवत: अनावश्यक विवाद खड़े नहीं होते। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिया था कि इस पूरी प्रक्रिया में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पारदर्शी ढंग से होना चाहिए, ताकि इससे नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा या तनाव न हो। पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में दलील दी कि निर्वाचन आयोग को तार्किक विसंगति सूची में नामों का उल्लेख करने के कारणों को तत्काल सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि संबंधित व्यक्ति यह जान सके कि गड़बड़ कहां हुआ है और उसमें अपेक्षित सुधार किया जा सके। दावा किया जा रहा है कि राज्य में नाम, उपनाम या आयु में गड़बड़ी को लेकर अब तक 1.36 करोड़ लोगों को तार्किक विसंगतियों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

# पलक चंद्रा ने खेल महाकुंभ में सिल्वर मेडल जीता

## युवा चैंपियन ने भानु प्रताप पब्लिक स्कूल को राज्य स्तर पर गौरव दिलाया

रूद्रपुर। एक गर्व और प्रेरणादायक उपलब्धि में, भानु प्रताप पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा पलक चंद्रा ने शनिवार को हरिद्वार स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ चौंपियनशिप में सिल्वर मेडल (दूसरा स्थान) जीता है। अंडर-14 कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करते हुए, पलक ने पूरी चैंपियनशिप के दौरान असाधारण कौशल, अनुशासन और सच्ची खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल उन्हें एक प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय सम्मान दिलाया है, बल्कि नेशनल लेवल चौंपियनशिप के लिए भी उनका चयन हुआ है, जो उनकी खेल यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनकी सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अटूट दृढ़ संकल्प का एक मजबूत प्रमाण है, जिसने स्कूल और पूरे क्षेत्र को बहुत गर्व महसूस कराया है। स्कूल प्रबंधन एम. पी. सिंह, प्रिंसिपल महेश चंद्रा, कोऑर्डिनेटर नेहा कंसवाल, साथ ही भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने पलक



चंद्रा और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी है। माता-पिता के लगातार प्रोत्साहन, मजबूत मूल्यों और निरंतर समर्थन ने उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। घर पर उनके मार्गदर्शन, स्कूल के लगातार प्रयासों के साथ मिलकर, उनकी सफलता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पलक चंद्रा की उपलब्धि समग्र शिक्षा के प्रति स्कूल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहाँ शिक्षा, खेल, अनुशासन और चरित्र निर्माण पर समान जोर दिया जाता है। ऐसी उपलब्धियाँ छात्रों को कक्षाओं से परे अपनी क्षमता का पता लगाने और हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती हैं। उनके समर्पित गुरु वंदना मैम, राजेंद्र सर और सुनील सर को विशेष सराहना दी गई है, जिनके ईमानदार प्रशिक्षण, प्रेरणा और मार्गदर्शन ने पलक को इस उत्कृष्ट उपलब्धि की ओर अग्रसर किया। उनके प्रयास युवा उपलब्धि हासिल करने वालों को आकार देने में समर्पित शिक्षकों और कोचों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करते हैं। स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल और कोऑर्डिनेटर ने पलक चंद्रा को उनकी आगामी नेशनल लेवल चौंपियनशिप के लिए बहुत सफलता की कामना की है और विश्वास व्यक्त किया है कि वह स्कूल के लिए गौरव लाना जारी रखेंगी। पलक चंद्रा की यह शानदार उपलब्धि न सिर्फ एक पर्सनल माइलस्टोन है, बल्कि भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के लिए भी गर्व का पल है, जो भविष्य के अनुशासित, आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिकों को तैयार करने के अपने मिशन को मजबूत करता है।

# पंतनगर यूनिवर्सिटी का भ्रमण कर बच्चों ने प्राप्त की महत्वपूर्ण जानकारियां

गदरपुर । पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर के 248 विद्यार्थियों का एक्सपोजर विजिट पंतनगर यूनिवर्सिटी में विभिन्न विभागों में जानकारी देने के उद्देश्य से भ्रमण करवाया गया । पांच बसों में पहुंचे 248 बच्चों को मत्स्य पालन, पशुपालन विभाग, हॉर्टिकल्चर, कम्युनिकेशन तथा अन्य विभागों में विभिन्न प्रोफेसर के द्वारा जानकारी दी गई, वही बच्चों ने जानकारी प्राप्त करने के उपरांत, सवाल जवाब करते हुए अपना ज्ञान वर्धन किया। इससे पूर्व राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर से पांच बसों के काफिले को को हरी झंडी दिखाकर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री परशुराम दिवाकर जी द्वारा रवाना करवाया गया। साथ ही साथ विद्यालय के अध्यापक पुष्कर सिंह बिष्ट, अश्विनी शुक्ला, जगदीश पंत ,दिव्या पंत, देवकी नंदन भट्ट, डॉ शांतनु त्यागी, जिला मंत्री विवेक कुमार पवार, एनसी जोशी, कमल जोशी, श्रीवास्तव जी, हुसन पाल, सोनू पांडे और अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी गण के अलावा बच्चे मौजूद थे।



# गौकशी के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

किच्छा। पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम शहदौरा स्थित खेत में गौकशी किए जाने की सूचना से हिंदूवादी कार्यकर्ता भड़क गए। गौकशी करने वाले तस्करों की पहचान कर तुरंत गिरफ्तारी की मांग



को लेकर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बरा पुलिस चौकी पर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए गौकशी के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा एवं चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं को 24 घंटे के भीतर कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए बमुश्किल शांत कराया। ज्ञात हो कि शनिवार को ग्राम शहदौरा स्थित किसान के खेत में तस्करों द्वारा गौ वंशीय पशु की हत्या करने के बाद उसके अवशेषों को मौके पर ही फेंक दिया गया था और गौमांस लेकर मौके से फरार हो गए थे। घटना की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं हिंदूवादी कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और पुलिस चौकी पहुंचकर चौकी के सामने दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि क्षेत्र में गौतस्करों द्वारा खुलेआम गौ माता की हत्या कर हिंदू भावनाओं को आहत किया जा रहा है, जिससे हिंदू समाज रोषित है तथा गौ माता की हत्या को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान चौकी प्रभारी दिनेश भट्ट ने कार्यकर्ताओं को शांत करने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। सूचना पर पहुंचे पुलभट्टा थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने हिंदूवादी कार्यकर्ताओं से वार्ता कर उन्हें शांत कराया। उन्होंने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि गौकशी एवं गौ तस्करी में लिप्त लोगों को किसी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। थाना अध्यक्ष के आश्वासन पर कार्यकर्ता शांत हो गए और उन्होंने धरना प्रदर्शन स्थापित कर दिया।

# एक बाइक पर सवार चार नाबालिग छात्रों की लापरवाही से बुजुर्ग महिला की मौत

## स्कूलों ने दिखाई सख्ती, बाइक से आने पर होगी कार्रवाई

शक्तिफार्म। एक ही बाइक पर सवार चार नाबालिग छात्रों की लापरवाही शुक्रवार को एक बुजुर्ग महिला की जान पर भारी पड़ गई। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 58 वर्षीय गीता की उपचार के दौरान उसी रात मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह दोंदा गांव निवासी चार नाबालिग छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर नगर स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई करने जा रहे थे। इसी दौरान गुरुग्राम गांव में सड़क किनारे खड़ी बुजुर्ग महिला गीता पत्नी अनिल, एक अन्य महिला से बातचीत कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार से आई बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गीता सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में शोक का माहौल है। वहीं, इस हादसे ने



नाबालिग छात्रों द्वारा बाइक चलाने और स्कूल आने के दौरान नियमों की अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्कूलों ने अपनाया सख्त रुख स्कूली छात्रों की लापरवाही से हुई महिला की मौत के बाद क्षेत्र के स्कूलों ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पीएमश्री इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बीएम तिवारी ने शनिवार को प्रार्थना सभा में छात्रों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई भी छात्र बाइक से स्कूल आता पाया गया तो उसकी शिकायत सीधे पुलिस से की जाएगी। इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज गुरुग्राम, अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज रुदपुर और आदर्श बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने भी छात्र-छात्राओं को दोपहिया वाहन लेकर स्कूल न आने की हिदायत दी है। स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को नाबालिग अवस्था में वाहन न चलाने दें। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा, अभिभावकों की जिम्मेदारी और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर सख्त नियंत्रण की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। हल्द्वानी से काम कर घर लौट रहे एक युवक की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को किशनपुर रेंज के जंगल में उसका शव पेड़ से फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार ग्राम टैगोरनगर निवासी 32 वर्षीय राजू बाइन पुत्र भूधर पिछले कुछ दिनों से हल्द्वानी में एक ठेकेदार के पास राजमिस्त्री का काम कर रहा था। शुक्रवार की शाम वह ठेकेदार से कुछ रुपये लेकर बाइक से अपने घर के लिए निकला था। लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। पति के वापस न लौटने पर पत्नी कविता ने ठेकेदार से संपर्क किया, जहां से पता चला कि राजू शाम को ही घर के लिए रवाना हो गया था। शनिवार को परिजनों व ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान उसकी बाइक बैकुंठपुर से किशनपुर



रेंज जंगल होते हुए हल्द्वानी जाने वाली कच्ची सड़क के किनारे खड़ी मिली। कुछ ही दूरी पर जंगल के भीतर राजू का शव एक पेड़ पर अंगोछे के सहारे फंदे से लटका मिला। पास में उसका हेलमेट पड़ा हुआ था, जबकि शव की स्थिति ऐसी थी कि उसका एक पैर लगभग जमीन को छू रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। युवक की असामयिक मौत से स्वजनो में मातम पसरा हुआ है। पत्नी कविता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं परिजन इस घटना को लेकर कई सवाल खड़े कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। राजू की इस दुखद मौत ने एक बार फिर मेहनतकश परिवारों की असुरक्षा और जीवन की नाजुक हकीकत को सामने ला दिया है।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# मुख्यमंत्री श्री धामी ने किया चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव के टीजर लॉन्च

चंपावत। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने एनएचपीसी सभागार बनबसा में सरस कॉर्बेट महोत्सव के आधिकारिक टीजर लॉन्च किया।यह भव्य 7 दिवसीय आयोजन 18 से 24 फरवरी तक जनपद चम्पावत में आयोजित होगा। महोत्सव का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की दूरदर्शी परिकल्पना को साकार रूप देते हुए किया जा रहा है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि यह महोत्सव चम्पावत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और साहसिक पर्यटन गतिविधियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा।उन्होंने कहा कि देवभूमि के सांस्कृतिक रंग, लोक परंपराएँ और प्रकृति की अद्भुत छटा इस आयोजन के माध्यम से देश-विदेश तक पहुँचेगी।महोत्सव में कुमाऊँ की लोकसंस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। बांसुरी, मस्कबीन और हुड़का की धुनों के बीच झोड़ा, छपेली और चांचरी जैसे पारंपरिक लोकनृत्य सांस्कृतिक संध्याओं को विशेष बनाएँगे। जनपद के प्रमुख आस्था केंद्र कृ बालेश्वर मंदिर, पूर्णागिरि मंदिर और गोल्ज्यू देवता मंदिर कृ की आध्यात्मिक गरिमा भी महोत्सव की पहचान बनेगी।सरस मेला महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा, जहाँ स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय शिल्पकारों और ग्रामीण उद्यमियों के उत्पाद प्रदर्शित होंगे। फूड फेस्टिवल में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों के साथ देशभर के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया जा सकेगा।पर्यटन और रोमांच के शौकीनों के लिए कॉर्बेट महोत्सव विशेष रहेगा। पंचेश्वर क्षेत्र में एंगलिंग, शारदा नदी में राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग और हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियां पर्यटकों को रोमांच का अनूठा अनुभव देंगी। रात्रि में लेजर शो आयोजन को और भव्य बनाएगा।

# राजनगर से अन्यत्र शिफ्ट हो सकता है मिल्क व आइसक्रीम प्लांटः सौरभ बहुगुणा

## निर्मलनगर की महापंचायत में कैबिनेट मंत्री ने दिया आश्वासन

शक्तिफार्म। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शनिवार को निर्मलनगर में आयोजित क्षेत्रीय महापंचायत में राजनगर में प्रस्तावित मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराने का प्रयास करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से व्यापक स्तर पर बातचीत की जाएगी, ताकि ग्रामीणों की आपत्तियों का समाधान निकाला जा सके। मंत्री बहुगुणा ने बताया कि लगभग 75 करोड़ रुपये की लागत से शक्तिफार्म क्षेत्र में आइसक्रीम एवं मिल्क पाउडर प्लांट को स्वीकृति दी गई थी। इसके लिए प्रशासन द्वारा राजनगर में करीब पांच एकड़ भूमि डेयरी विकास विभाग को हस्तांतरित की गई थी। यह भूमि पूर्व में पट्टे पर आवंटित थी, जिसे निरस्त किए जाने के बाद विभाग को सौंपा गया। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण की तैयारियां भी शुरू हो चुकी थीं। हालांकि, प्रस्तावित स्थल पर प्लांट लगाए जाने के विरोध में ग्रामीण एक माह से अधिक समय से धरने पर बैठे हुए थे। इसी विरोध के मद्देनजर शनिवार को निर्मलनगर में क्षेत्रव्यापी महापंचायत आयोजित की गई। महापंचायत में मौजूद जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से सुझाव दिया कि पट्टे की भूमिखभले ही वह निरस्त ही क्यों न होखपर औद्योगिक प्लांट स्थापित न किया जाए, बल्कि इसे किसी वैकल्पिक सरकारी



भूमि पर लगाया जाए। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की बातों को सुनने के बाद मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आश्वासन दिया कि वे विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर राजनगर से प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट कराने का पूरा प्रयास करेंगे। इस दौरान मंत्री बहुगुणा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि क्षेत्र के कुछ कांग्रेसी नेता विकास विरोधी मानसिकता के हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी पॉलिटेक्निक कॉलेज और एक्वा पार्क का विरोध किया गया था और अब मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट का विरोध किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इस प्लांट का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है और सरकार विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। महापंचायत में भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, योगेंद्र रावत, विश्वदेव मंडल, विधान सरकार, संजय बाछाड़, संजीव दे, तारक मंडल, पंकज बसु, कृष्णपद मंडल, अशोक माली, विष्णुपद प्रमाणिक, देबू मंडल, प्रभाकर राय, मनोज सरकार, राघव सिंह, शंकर गोलदार, मयंक अग्रवाल, रवि मजूमदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया राइका के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

कपकोट(उद संवाददाता)। पीएमश्री स्व. पान सिंह गढ़िया राजकीय इंटर कॉलेज, कपकोट में तीन करोड़ दो लाख 62 हजार की लागत से बने नव-निर्मित भवन का स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया ने विधि वत उद्घाटन किया।विधायक गढ़िया ने विधिवत पूजन करते हुए कहा कि विद्यालय भवन निर्माण से विद्यार्थियों को पठन पाठन हेतु आधुनिक एवं सुव्यवस्थित भवन उपलब्ध होगा। छात्र-छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक सशक्त आधार बनेगा। बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं, अनुकूल शिक्षण वातावरण तथा आधुनिक संसाधनों के माध्यम से यह भवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कहा कि परियोजना न केवल शैक्षणिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करती है, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की दिशा में एक दूरदर्शी और सराहनीय पहल भी है।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कपकोट भावना शाही, हरीश मेहरा ,खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपती अवस्थी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बची लाल अध्यापकगण गंगा पांडे, गोपाल राम, जानकी कपकोटी,वरिस्ठ पत्रकार गणेश




उपाध्याय, चंद्र सिंह कपकोटी,जनार्दन कोरंगा,तनुज तिरुवा,पूर्व प्रधान कैलाश दानू, प्रेमा ऐठानी,अंकित ऐठानी, हरीश कपकोटी आदि मौजूद थे।

# चंपावत में पूर्व विधायक के भाई की निर्मम हत्या

चंपावत। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता हिमेश खर्कवाल के ताऊ के बेटे अंबादत्त खर्कवाल की गांव के ही एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। साथ ही पूछताछ कर रही है। पूर्व विधायक खर्कवाल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके भाई से अगाध लगाव था। बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। जिला मुख्यालय से 15- 16 किलोमीटर दूर शनिवार को सनिया गांव निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग अंबादत्त खर्कवाल की गांव के ही सुभाष खर्कवाल ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। मृतक पूर्व विधायक हिमेश खर्कवाल के ताऊ के लड़के और उनके चचेरे भाई थे। अंबादत्त अपने घर में अकेले रहते थे। उनकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि शादी शुदा दो बेटे गांव से बाहर रहते हैं। अंबादत्त दो दिन पूर्व अपने रिश्तेदार की बेटी की शादी में शामिल होने हल्द्वानी गए थे और शुक्रवार को टनकपुर में रह रहे अपने बेटे के घर रुकने के बाद शनिवार को ही गांव लौटे थे। टनकपुर से घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही सनकी युवक ने उनके गले में दराती से बार कर मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों के अनुसार अंबादत्त खर्कवाल काफी मिलनसार थे और हर दुख सुख में लोगों के घर पहुंच जाते थे। वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़कर



हिस्सा लेते थे।साथ ही क्षेत्र के जाने माने होल्यार भी थे। जिस युवक ने उनकी हत्या की वह उनका पड़ोसी था और उसके साथ अंबादत्त का कोई झगड़ा भी नहीं था। कई बार वह अंबादत्त के साथ बैठकर बातचीत भी किया करता था। ग्रामीणों के अनुसार अंबादत्त को शनिवार को उनकी बहू टनकपुर से चंपावत तक अपने साथ लेकर आई थी। बहू चंपावत में किसी स्वयंसेवी संस्था की बैठक में चली गई और अंबादत्त गांव के लिए रवाना हो गए। घर पहुंचे 15 मिनट भी नहीं हुए थे कि उनके पड़ोसी युवक सुभाष चंद्र खर्कवाल पुत्र नारायण दत्त खर्कवाल ने हाथ में पकड़े धारदार हथियार (दराती) से उनकी गर्दन पर वार कर दिया। हमले से अंबादत्त लहूलुहान होकर जमीन में गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद आज अंतिम संस्कार होगा। वहीं पूर्व विधायक हिमेश खर्कवाल ने बताया कि उनके भाई की मृत्यु से काफी आहत हैं। आरोपित की गिरफ्तारी हो चुकी है और प्राथमिकी भी पंजीकृत हो चुकी है।


**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम हुदा (HUDA )था। अब मैंने अपना नाम बदलकर हुदा खान (HUDA KHAN) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नये नाम हुदा खान (HUDA KHAN) के नाम से ही लिखित व मौखिक रूप से जाना व पहचाना जाये।

हुदा खान पुत्री श्री नसीमुद्दीन खान निवासी- वार्ड नं.- 25 प्रीत विहार कालोनी, फाजलपुर महरौला, रूद्रपुर जिला उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड


# बागेश्वर पुलिस ने लौटाया बुजुर्ग महिला का खोया हुआ पर्स

बागेश्वर। पुलिस अधीक्षक बागेश्वर श्री चन्द्रशेखर घोडके के कुशल निर्देशन में बागेश्वर पुलिस 'मित्र पुलिस' की संकल्पना को चरितार्थ कर रही है। इसी क्रम में कुछ दिन पूर्व स्थानीय जागरूक नागरिकों को 'आरे' क्षेत्र के पास एक पर्स लावारिस अवस्था में मिला था। पर्स के भीतर 7,335 रुपए की नगद धनराशि और कुछ अन्य महत्वपूर्ण विवरण मौजूद थे। नागरिकों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए उक्त पर्स को तत्काल कोतवाली बागेश्वर पुलिस को सौंप दिया।प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पर्स में मिले दस्तावेजों और सूचनाओं के आधार पर त्वरित जांच शुरू की। सुराग जुटाने के बाद पर्स की वास्तविक स्वामिनी



की पहचान देवकी देवी पत्नी श्री खेम सिंह निवासी- आरे, थाना- कोतवाली बागेश्वर के रुप में हुई।जिसके बाद पुलिस ने पर्स को वास्तविक स्वामिनी को सुपुर्द किया । अपनी खोई हुई धनराशि वापस पाकर महिला ने बागेश्वर पुलिस और जागरूक नागरिकों का आभार व्यक्त किया।बागेश्वर पुलिस ने पर्स पुलिस को सौंपने वाले नागरिकों की इस अनुकरणीय ईमानदारी की सराहना की।

# पेज एक का शेष...

**अंकिता हत्याकांड को लेकर.......**के नाम का खुलासा नहीं होता और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस ने भी संयुक्त मोचे को अपना समर्थन दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वर्तमान जांच केवल वीआईपी को बचाने के लिए की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंडिया गठबंधन इस जांच को पूरी तरह खारिज करता है। रावत ने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप, उच्चतम न्यायालय की देखरेख में सीबीआई जांच होनी चाहिए। उनका आरोप है कि शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की जा रही सीबीआई जांच पूरी तरह छलावा है। हरीश रावत ने आगे कहा कि इस केस में जिस शिकायतकर्ता की शिकायत को आधार बनाकर जांच की जा रही है, वह सरकार द्वारा प्रायोजित है। उन्होंने उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा पर लगातार डाका, उनके साथ दुर्व्यवहार और दुष्कर्म की घटनाओं को रेखांकित किया। रावत ने कहा कि इसमें कामकाजी महिलाएं भी शामिल हैं। संयुक्त संघर्ष मंच और अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने साफ कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने प्रदेशभर में जन जागरण अभियान चलाने और चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। महापंचायत में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। परेड मैदान में जुटी भीड़ ने एक स्वर में न्याय की मांग करते हुए सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। आयोजन के चलते क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई थी, जबकि पुलिस प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

**किराया वृद्धि के विरोध......**ज्ञापन प्रेषित किया। व्यापारियों का कहना है कि रेलवे द्वारा किराये में 18 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है, जो छोटे व्यापारियों के लिए भारी आर्थिक बोझ बन गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व व्यापारी नेता जगरूप सिंह गोल्डी ने किया। उन्होंने कहा कि फड़ और खोखा लगाकर रोजी-रोटी चलाने वाले लोग पहले से ही महंगाई से जूझ रहे हैं, ऐसे में किराया बढ़ाना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से छोटे व्यापारियों की परिस्थितियों को समझने की अपील करते हुए निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की।जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बढ़ा किराया वापस लो और गरीब व्यापारियों पर अत्याचार बंद करो जैसे नारे लगाए। इसमें बड़ी संख्या में फड़, ठेला और खोखा संचालक शामिल रहे। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि किराया वृद्धि का आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पहुंचकर व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें किराये में की गई 18 से 20 प्रतिशत बढ़ोतरी को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि छोटे व्यापारियों की आय स्थिर नहीं होती, ऐसे में इतनी बड़ी वृद्धि उनके लिए असहनीय है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सुनवाई नहीं हुई तो वे चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर होंगे।स्टेशन मास्टर ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनका ज्ञापन संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा दिया जाएगा। वहीं प्रदर्शनकारियों ने उम्मीद जताई कि रेलवे प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द निर्णय करेगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, हालांकि किराया वृद्धि को लेकर व्यापारियों में नाराजगी साफ दिखाई दी। जुलूस में साइक्लोन व्यापारी भी मौजूद रहे।

**सीएम धामी ने सुनी.......**सिंह राणा तथा वीरेंद्र मौर्य की माता स्वर्गीय सुन्दरी देवी (92 वर्ष) के निधन पर उनके आवास जाकर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की और परिवारों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा, एसपी नीहारिका तोमर, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के इस दौरे से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

**देश को हर क्षेत्र में.........**कपड़ा, वाहन निर्माण आदि के उत्पादन विश्व में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि माल भाड़ा वाहनों के लिए अलग से कोरिडोर बनाये जा रहे हैं ताकि सभी सामान बिना किसी रूकावट के अपने स्थान तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि देश को माओवादी आतंकवाद से मुक्त कराने के लिए किये जा रहे प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। वहीं देश की पूर्वोत्तर सीमाओं की सुरक्षा के लिए भी निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। श्री भट्ट ने कहा देश में मोबाईल सेवा को बेहतर बनाने के लिए एक लाख से ज्यादा मोबाईल टावरों की स्थापना की गई है। वहीं आम जनता को आवागमन में राहत प्रदान करने के लिए नये मार्गो का निर्माण कराया जा रहा है। देश में उत्पादित सामान के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विश्व के कई देशों से द्विपक्षीय समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। जिससे देश के किसान व उद्यमी तो लाभंन्वित होगे ही साथ ही रोजगार के नये अवसर भी आयेंगे। श्री भट्ट ने कहा कि प्रस्तुत बजट से देवभूमि उत्तराखण्ड के विकास को भी पंख लगे हैं। बजट में राज्य के विकास के लिए करोड़ों की धनराशि का प्रावधान किया गया है। यहां के उद्यमियों को इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, भाजपा महिला नेत्री रशिम रस्तोगी,मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल,मीडिया प्रभारी विजय तोमर,सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी,अमित नारंग सहित काफी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

**मेयर के प्रयासों से रूद्रपुर........**बचत होगी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीयूष रंजन ने बताया कि प्रत्येक मोहल्ला क्लीनिक में एक एमबीबीएस चिकित्सक के साथ चार से पांच सदस्यीय स्टाफ नियुक्त किया गया है। इसमें लेडीज नर्सिंग कर्मी भी शामिल हैं, ताकि महिला मरीजों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी मरीज की स्थिति गंभीर पाई जाती है तो प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत रुद्रपुर के सरकारी अस्पताल में रेफर किया जाएगा। यह पहल विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए लाभकारी साबित होगी जहां बड़ी संख्या में मजदूर, निम्न-आय वर्ग और बुजुर्ग नागरिक रहते हैं। मोहल्ला क्लीनिकों के माध्यम से बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को घर के पास ही समय पर इलाज मिल सकेगा। मेयर के अनुसार यह योजना शहर की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है और आने वाले समय में जरूरत के अनुसार अन्य क्षेत्रों में भी क्लीनिक खोले जायेंगे।

**हनी ट्रैप और रंगदारी..........**से संपर्क कर उसे गदरपुर बुलाया था। यहां अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उससे गालीगलौज, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 40 हजार रुपये नकद व 95 हजार रुपये ऑनलाइन जबरन वसूल कर लिए थे। गदरपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जौहर उर्फ महक (25), निवासी चादर बाला बाग मोहल्ला, जिला अस्पताल रामपुर, राबिया (20), निवासी राजद्वारा कोने वाली गली, कोतवाली रामपुर और रोहन (22), निवासी स्वार गेट, मुड़िया नदार बाग, रामपुर को गिरफ्तार किया था। उक्त घटना में शामिल अन्य अनामजद दीपक, राहुल और शिवम उर्फ हैप्पी की तलाश की जा रही। मामलें में आठ और संदिग्ध के नाम सामने आए है। गदरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक ने बताया कि यह गिरोह सुनियोजित तरीके से लोगों को हनी ट्रैप में फंसाकर उनसे रंगदारी वसूलता था। पुलिस ने पीड़ितों के बयान, मोबाइल कॉल डिटेल, चौट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। विवेचना में यह भी सामने आया है कि आरोपी आपस में संपर्क में रहकर वारदात को अंजाम देते थे।

# तपस्या विहार से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में दक्ष चौराहा के पास तपस्या विहार के गेट से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में निमाई मंडल पुत्र तारा मंडल, निवासी आदर्श कॉलोनी, रूद्रपुर मूल निवासी सुभाष नगर, आजाद नगर, सोनेरा ने कहा है कि 19 जनवरी को सुबह वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएक्स 6428 से दक्ष चौराह के पास तपस्या विहार वेलफेयर सोसाईटी काम करने गया था। वही सोसाईटी गेट के पास गाडी खडी कर लॉक लगा दिया। दोपहर आकर देखा तो उसकी गाडीं मौजूदा स्थान पर नही थी जो किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई है। पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# काशीपुर में भ्रष्टाचार व दलाली की भेंट चढ़ा उप निबंधक कार्यालय

## लगभग ढाई दशक से एक ही स्थान पर जमा है चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

काशीपुर। पिछले लगभग एक वर्ष के करीब से निर्माण कार्य के चलते तहसील परिसर से आर्य नगर में शिफ्ट किया गया उप निबंधक कार्यालय (रजिस्ट्री ऑफिस) स्थानीय व्यापारियों के लिए जहां एक और जी का जंजाल बन गया है वहीं दूसरी ओर उप निबंधक कार्यालय में होने वाले महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर भी उंगलियां उठने लगी है। इस कार्यालय के आसपास पूरे समय दलाल सक्रिय देखे जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024 की 8 दिसंबर को तहसील परिसर के अंदर स्थित जर्जर हालत में पड़े उप निबंधक कार्यालय के जीर्णोद्धार को लेकर ऑफिस तीन माह की लीज पर मोहल्ला आर्य नगर में शिफ्ट किया गया। लीज की अवधि हर 3 महीने में बढ़ा दी जाती




है। यहां रजिस्ट्री के निमित्त आने वाले लोगों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। साथ ही पार्किंग व शौचालय न होने के कारण कार्यालय के आसपास का वातावरण दिन पर दिन खराब होता जा रहा है। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि उनके प्रतिष्ठान के सामने आदि तिरछी वहां खड़े करने की वजह से उनका व्यापार प्रभावित है। इसी तरह स्थानीय लोगों की यह भी शिकायत है की रजिस्ट्री ऑफिस आने वाले लोग समीप स्थित खाली पड़े प्लॉट अथवा सार्वजनिक स्थानों पर लघु शंका करते हैं जिससे गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। स्थानीय व्यापारियों ने पूर्व में भी इसकी शिकायत डीएम समेत जिला प्रशासन से की थी लेकिन इस मामले में कोई सार्थक पहल नहीं किया गया जिससे लोगों में रोष है। कार्यालय अनियमितताओं की ढेर पर चल रहा है कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं क्योंकि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेटिंग गेटिंग के जरिए पिछले लगभग 25 वर्षों से एक ही स्थान पर जमा है। **तहसील में रहता था एलआईयू व इंटेलिजेंस का डर :** तहसील व रजिस्ट्री ऑफिस आने वाले लोगों में इस बात को लेकर चर्चा पुरजोर है कि जब तक उप निबंधक कार्यालय तहसील परिसर के अंदर था दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों को एलआईयू व इंटेलिजेंस का भय बना रहता था लेकिन पिछले एक वर्ष से वैकल्पिक उपनिबंधक कार्यालय के आसपास सक्रिय दलाल सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। दलालों की आतंक के कारण उप निबंधक कार्यालय में होने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की पारदर्शिता पर भी अब सवाल खड़े होने लगे हैं।

### सरकार के राजस्व को लगाया जा रहा चूना

काशीपुर। मुलाकात के दौरान सब रजिस्टार महेश चंद्र से जब प्रतिनिधि ने बातचीत की बताया कि निर्माण कार्य कच्छप गति से चल रहा है तो उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माणाधीन पुराने कार्यालय में शिफ्ट होने में अभी कुछ माह और लग सकते हैं। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक कार्यालय का किराया 20 हजार प्रति माह जिले से सीधे भवन स्वामी को भुगतान किए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि कार्यालय शिफ्ट करते वक्त किसी प्रकार के टेंडर (निविदा) की औपचारिकता नहीं की गई थी। चूंकि काशीपुर में विकल्प के रूप में किसी सरकारी बिल्डिंग में भी यह कार्यालय शिफ्ट किया जा सकता था लेकिन सूत्रों का कहना है कि प्राइवेट दुकानों को सुनियोजित तरीके से वैकल्पिक कार्यालय बनाया गया। इस लिहाज से देखा जाए तो 20 हजार प्रति माह लगभग ढाई लाख रुपये सालाना सरकार के राजस्व को सीधे चोट लग रही है।

### आखिर कौन है पुलिस जैसी हुलिया व रौबीले अंदाज में दिखने वाला शख्स!

काशीपुर। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में वाहनों से अवैध वसूली करने वाला शख्स क्षेत्र वासियों के लिए पहेली बन चुका है। पिछले कई वर्षों से इस शख्स को रात के अंधेरे में रोड पर सक्रिय देखा जा रहा था लेकिन अभी कुछ समय से यह पुलिसकर्मियों के साथ दिन में भी मोटरसाइकिल पर क्षेत्र में घूमते हुए दिखाई देता है। पुलिस जैसी हाइट, पुलिस जैसा हुलिया और पुलिस जैसे रौब में दिखने वाला यह शख्स आखिर कौन है! यदि वास्तव में पुलिसकर्मी है तो इसे वर्दी पहनाई जाए और यदि छद्मवेशी है तो इसकी पहचान उजागर करते हुए कानूनी कार्यवाही की जाए। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में इस बारे में लोगों से जानकारी लेने पर दबी जवान बताया गया कि यह शख्स पुलिस के लिए कई वर्षों से अवैध वसूली करता है। इसके साथ ही इसने क्षेत्र में अपना दबदबा भी कायम कर रखा है। इसलिए कुछ समय से यह शख्स टांडा उज्जैन पुलिस चौकी के आसपास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते देखा जा रहा है।

### पैगा पुलिस चौकी फिर सुर्खियों में

काशीपुर। अलीगंज रोड पर राज्य की सीमा के करीब स्थापित पैगा पुलिस चौकी एक बार फिर से अवैध वसूली को लेकर सुर्खियों में है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के संभल, बहजोई व मुरादाबाद क्षेत्र से ईंट भरे दर्जनों ओवरलोड वाहन (ट्रैक्टर ट्रालियां व ट्रक) तड़के पुलिस की कृपा पर बड़ी ही आसानी से बॉर्डर क्रॉस कर काशीपुर में प्रवेश कर रहे हैं। पुलिसिंग के इस खेल में जहां एक ओर सीमा पूरी तरह असुरक्षित हो गई है वहीं सरकार के राजस्व को भी प्रतिमाह लाखों का चूना लग रहा है। इसके अलावा सूत्रों का कहना है कि चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा लक्कड़ भरे ओवरलोड वाहनों एवं अवैध खनन वाले वाहनों से भीषण उगाही की जा रही है। जरायम कारोबारियों व अपराधी तत्वों को वर्दी का संरक्षण की सूचना है।

# जु जित्सू प्रतियोगिता में जनपद की 143 बालिकाओं ने दिखाए जौहर

रुद्रपुर। जिला जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि) के तत्वाधान में 5वीं निःशुल्क जिला स्तरीय महिला जुख्रजित्सू प्रतियोगिता 2026 का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर के हॉल में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा, जिला जु-जित्सू ऐसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष जॉनी हीराम तिग्गा, वसीम खान द्वारा सयुंक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त बनाने के लिए जिला जुजित्सु संघ द्वारा किया गया कार्य अत्यधिक सराहनीय है, एवं समाज में लड़कियों के लिये ये बहुत जरुरी है कि वो सशक्त, सुरक्षित और बेहतर माहौल प्राप्त करें। उन्हें जीवन की हर सच्चाई और कानूनी अधिकारों से अवगत होना चाहिये। महिलाओं के विकास के बिना देश और समाज का विकास अधूरा है। विशिष्ट अतिथि अनिल शर्मा कहा कि बालिकाओं को किसी भी स्तर पर घबराने की जरूरत नहीं है। आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं, ताकि वह परिवार की जिम्मेदारी भी संभालने में पीछे न रह सके। साथ ही जिला जुजित्सु संघ के कोषाध्यक्ष किशोर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज मे दिन प्रतिदिन बढ़ रही आपराधिक घटनाओ के प्रति सभी महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त व जागरूक करना है, जिससे कि सभी बालिकाएं व महिलाएं आत्मरक्षा को सीखते हुए अपने जीवन में आत्मरक्षा को प्रथम स्थान देकर अपनी रक्षा कर सकें।उक्त प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला जुजित्सु संघ के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे जनपद से लगभग 127 बालिकाओ ने विभिन्न वर्गों की फाइटिंग स्पर्धा में जोहर दिखाते हुए पदक जीते। जिसमें सब जूनियर आयु वर्ग की विभिन्न भार की फाइटिंग स्पर्धा में अंडर 08 आयुर्वग की -21 किग्रा में अनाया जोशी ने स्वर्ण, हिमांशी ने रजत, अनन्य गुप्ता, आराध्या सक्सेना ने कांस्य पदक जीते, अंडर 10 आयुर्ग, -24 किग्रा में कुविरा चौहान ने स्वर्ण, नव्या ने रजत पदक, ऋतिका भंडारी, सौजन्य ने कांस्य पदक जीते, बाकी इवेंट चल रहे है।प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका में हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, रूनू शर्मा, प्रिया विश्वास, कंचन बसेरा, शिवानी, लोरी, क्षितिज सिंह, वंश बिष्ट शामिल रहे।इस अवसर पर शोभा तिग्गा, नरेंद्र सिंह, कौशल्या, शेखर सक्सेना, गुलशन कुमार, शिवम, मिनकू ठाकुर सहित अन्य अभिभावक गण मौजूद रहे।




# पालिका बोर्ड का एक वर्ष पूर्ण होने पर रखा विकास कार्यों का विवरण

## 10.50 करोड़ से बीते एक वर्ष में पालिका ने कराएं 203 विकास कार्य

सितारगंज। नगर पालिका बोर्ड गठन का एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका सभागार में अध्यक्ष सुखदेव सिंह और सभासदों ने एक वर्ष में किए गए विकास कार्यों का विवरण सार्वजनिक किया। इस दौरान अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने आगामी चार वर्षों में नगरीय क्षेत्र में विकास की नई इबारत के संकल्प को दोहराया। पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने शनिवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि बीते एक वर्ष में नगरपालिका की ओर से 10.50 करोड़ की लागत से कुल 203 निर्माण कार्य कराए गए, जिनमें 43 कार्य अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में संपन्न हुए। गत वर्ष बरसात के दौरान नगर क्षेत्र में कहीं भी जलभराव से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इसके लिए पालिका द्वारा नालों और नालियों की नियमित तलीझाड़ सफाई कराई गई। एक वर्ष में 1.80 करोड़ रुपये की लागत से नगर का विद्युतीकरण कराया गया। साथ ही 144 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया और 103 शौचालयों का निर्माण कराया गया। बताया कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग के सहयोग से नगर की ड्रेनेज व्यवस्था के लिए 16.50 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की गई है, जिसे मंत्री द्वारा स्वीकृति दिलाई गई। इससे भविष्य में सितारगंज के नगरीय क्षेत्र को जलभराव और जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने पालिकाध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर पालिका बोर्ड के कार्यों की सराहना की। मंत्री बहुगुणा ने कहा कि पालिका बोर्ड ने एकजुट होकर जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए। भविष्य में भी हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। जाम से निजात के लिए एनएचएआई अधिकारियों संग होगा निरीक्षण सितारगंज। नगर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए सीडीओ के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तिरंगा चौक, बिजटी चौक, महाराणा प्रताप चौक और नकुलिया चौक का निरीक्षण किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल एवं पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने बताया कि शीघ्र ही एनएचएआई के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर चौराहों पर लगने वाले जाम से निजात के उपाय किए जाएंगे। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि सितारगंज में वेंडिंग जोन के लिए प्रशासन से भूमि उपलब्ध हो चुकी है। वेंडिंग जोन के निर्माण एवं सुविधाओं के लिए पांच करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से इसकी स्वीकृति का अनुरोध किया गया है। वेंडिंग जोन के निर्माण के बाद फड़-खोखा व्यवसायियों को वहां शिफ्ट किया जाएगा, जिससे जाम की समस्या में और कमी आएगी। ये रहे मौजूद सभासद सतीश उपाध्याय, नाजरीन अंसारी, मो. इस्माइल, रिहान अंसारी, रवि रस्तोगी, चंदन श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, नेहा वाल्मीकि, कंचन आर्या, रितु गहतोड़ी, शिवपाल सिंह चौहान, शबीहा नाज, सचिन गंगवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल, महामंत्री अमित रस्तोगी, भोला जोशी, पूर्व अध्यक्ष राकेश त्यागी, पंकज गहतोड़ी, आदेया ठाकुर, पंकज रावत, अभिषेक जैन, सतेंद्र दिवाकर, दया तिवारी आदि मौजूद थे।

## यूजीसी के खिलाफ ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का जिले में विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि यूजीसी से सरकार समाज में लोगों को बांटने का काम कर रही है। इससे पूर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व सदस्य शनिवार को दोपहर कलक्ट्रेट पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उनका कहना है कि एक ओर सरकार समाज में लोगों को जोड़ने की बात कहती है। दूसरी ओर यूजीसी को लागू का बांटने का काम कर रही है। लागू होने वाले नियम सवर्ण समाज के विरुद्ध है। आने वाली पीढ़ियों को कानून के बोझ तले दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस कानून को वापस लेने मांग की। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम संबोधन ज्ञापन तहसीलदार दिनेश कुटोला को सौंपा गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, उमेश तिवारी, जितेंद्र शर्मा, अनुज पंडित आदि मौजूद रहे।

## नारायण पाल ने दिये भाजपा को छोड़ने के संकेत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नारायण पाल ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा का दामन छोड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह विधानसभा का चुनाव अवश्य लड़ेंगे। उन्होंने किसी पार्टी में शामिल होने के संकेत देकर माहौल गरमा दिया है।सितारगंज से नारायण पाल वर्ष 2002 व 2007 में बसपा से दो बार विधायक रह चुके हैं। हल्द्वानी से सितारगंज तक उनकी सक्रियता बनी हुई है। नारायण पाल ने प्रेसवार्ता के दौरान स्पष्ट संकेत दिए हैं कि वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उनका कहना है कि भाजपा को छोड़ वह किसी भी पार्टी से चुनाव लड़ सकते हैं। उनका कहना है कि स्थानीय लोगों का आचरण जनता के प्रति अच्छा नहीं है। जनप्रतिनिधि जनता के काम करना छोड़ उन्हें भयभीत करने में लगे रहते हैं। श्री पाल ने पत्रकार रूपेश कुमार को मिल रही धमकियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है। उन्होंने कहा गौलापार स्टेडियम हल्द्वानी में होने वाले फर्जी क्रिकेट प्रतियोगिता का उनकी शिकायत पर पर्दाफाश हुआ है।

## औचक निरीक्षण में दो भवनों में बिजली चोरी के मामले पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की दो टीमों ने औचक निरीक्षण में दो भवनों में बिजली चोरी के मामले पकड़े । दोनों भवन स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार अन्नू अरोरा उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड,पुनीत कुमार सहायक अभियन्ता सतर्कता, पारूल कुमार अवर अभियन्ता भदईपुरा, खेमपाल राजपूत लाईन कर्मी व गणेश विश्वास लाईन कर्मी विद्युत चैकिग करते हुए मोहल्ला खेड़ा पहुंचे जहां सायना पत्नी अकबर खान के भवन में विद्युत चोरी का मामला पकड़ा। मौके पर केबल जब्त कर ली गई। वहीं उमेश सिंह राना अवर अभियन्ता विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर प्रथम, कुलदीप सिंह सहायक अभियन्ता सतर्कता, अमित चन्द्र आर्या (गवाह) सहायक अभियन्ता, कुलदीप सिंह अवर अभियन्ता,शुभम कुमार अवर अभियन्ता व भीम किशोर पाल लाईन कर्मी ने भी मोहल्ला खेड़ा में चैकिंग के दौरान मो. हसन पुत्र मो. नवी के भवन में विद्युत चोरी पकड़ी। मौके से केबल जब्त कर ली गई। उक्त दोनों भवन स्वामियों के विरूद्ध विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।